
**जागरूकता** सेहत और हरियाली को लेकर सजग हुए लोग, बंगलों से छतों तक पहुंचा आधुनिक तरीका

# आम घरों तक पहुंचा लैंडस्केपिंग का शौक





**नवभारत, जबलपुर।** आज जिस तरह लोग अपनी डाइट और सेहत को लेकर सजग हुए हैं, ठीक वैसी ही जागरूकता पर्यावरण और हरियाली के प्रति भी दिखाई दे रही है। पहले जहाँ घरों में कुछ गमले रखे जाते थे, वहीं अब पर्याप्त जगह वाले घरों में 'डिजाइनर गार्डन' और 'लैंडस्केपिंग' एक जरूरत और स्टेटस सिंबल बन चुकी है। इस बदलते दौर में विजय नगर और सिविल लाइंस जैसे पॉश इलाकों में बन रहे नए मकानों में बजट का एक खास हिस्सा केवल इसी काम के लिए तय किया जा रहा है। इस ग्रीन स्पेस के साथ एक खूबसूरत फव्वारा का कॉम्बिनेशन पूरे माहौल को और भी अधिक ठंडा और तनावमुक्त बना देता है, जो दिनभर की भागदौड़ और वर्किंग आवर्स के बाद परिवारों के लिए एक बेहतरीन सुकून का जरिया साबित हो रहा है।

### टेरेस गार्डन का बढ़ता चलन

वहीं दूसरी तरफ, जिन घरों में जमीन पर गार्डन के लिए जगह कम है, वहाँ लोग तेजी से 'टेरेस गार्डन' प्लान कर रहे हैं। छत पर बना यह मॉडर्न बगीचा न केवल पूरे मकान को एक बेहद आलीशान लुक देता है, बल्कि रूफटॉप पार्टी स्पेस के लिए भी सबसे पसंदीदा जगह बनता जा रहा है।

उदाहरण के लिए, शहर के एक बुजुर्ग सोहन लाल द्विवेदी ने अपनी छत पर 2500 से ज्यादा बोनसाई पौधों का संसार खड़ा किया है, वहीं 6वीं बटालियन कैंपस में बना 18 हजार वर्गफीट का कैक्टस गार्डन इस नई सोच का सबसे बड़ा प्रतीक है। नागरिकों का निजी स्तर पर अपने घरों और छतों को हरा-भरा बनाना इस बात का सबूत है कि आधुनिक समाज कंक्रीट के विकास के बीच अपनी प्राकृतिक आत्मा और सेहत से समझौता नहीं करना चाहता।

### हरियाली और शांत जगह की जरूरत

व्यस्त जीवनशैली के बीच लोग अब घर में एक ऐसी शांत जगह चाहते हैं जहाँ वे अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकें, सुबह के वक्त योग या एक्सरसाइज कर सकें और बच्चों के लिए एक सुरक्षित प्ले-एरिया तैयार कर सकें। इस मांग को पूरा करने के लिए राइट टाउन स्थित 'ग्रीन आर्ट क्रिएशन' जैसी एक्सपर्ट फर्म्स लोगों के घरों के ओपन स्पेस को उनके पसंदीदा तरीके से डिजाइन कर रही हैं। वे न सिर्फ पारंपरिक पौधों की जगह जापानी बोनसाई, मेक्सिकन कैक्टस और वर्टिकल गार्डन का इस्तेमाल कर रहे हैं, बल्कि नए आइडियाज के जरिए आम बगीचों को एक जीवंत इकोसिस्टम का रूप दे रहे हैं जो दिखने में बेहद लग्जरियस और पर्यावरण के अनुकूल है।


### इनका कहना है

हमनें 2015 में अपना व्यवसाय शुरू किया था पर पिछले डेढ़ साल से हमारे पास आने वाले ऑर्डर्स की संख्या दोगुनी हो गई है। हमारे पास ज्यादातर ऑर्डर्स विजय नगर क्षेत्र से आते है। लैंडस्केपिंग से घर आलीशान तो दिखता ही है, साथ में सकरात्मक ऊर्जा भी आती है।

**मनोज रैकवार**
**संस्थापक, ग्रीन आर्ट क्रिएशन**

# पैतृक संपत्ति हड़पने अपनों ने ही रचा षड़यंत्र

## दो बुजुर्ग बहनों का धोखे से अंगूठा लगवाकर किया फर्जीवाड़ा



**जबलपुर।** पैतृक संपत्ति हड़पने के लिए अपनों के द्वारा ही दो बुजुर्ग बहनों के सीधेपन का फायदा उठाकर उनके ही भांजे और अन्य दो बहनों ने मिलकर साजिश रच डाली। पीड़ितों की बिना जानकारी के उनके अंगूठे का निशान ले लिया गया और कोर्ट में भाई के खिलाफ जमीन की हिस्सेदारी का केस ठोक दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब बुजुर्ग महिलाओं के घर कोर्ट का नोटिस पहुंचा। ठगी की शिकार पीड़ित बहनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ता वीरा बाई 81 वर्ष, निवासी ग्राम कन्हवारा, कुण्डम और उनकी छोटी बहन तीरा बाई कुंजाम 65 वर्ष, निवासी हृदली कलां ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपी है। बुजुर्ग महिलाओं का आरोप है कि उनकी ही सगी बहनों कौशल्या बाई व सीता बाई परस्ते और उनकी बहन के बेटे स्वरूप बरकड़े ने मिलकर उनके साथ यह विश्वासघात किया है। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि उनके माता-पिता के जीवित रहते ही परिवार की पूरी संपत्ति का बंटवारा नियम अनुसार हो चुका था। पारिवारिक सहमति के तहत बची हुई पैतृक जमीन भाई के हिस्से में आई थी और बहनों को उनके हिस्से के आभूषण प्रदान किए गए थे।

दोनों बहनें इस व्यवस्था से पूरी तरह संतुष्ट थीं और उनका अपने भाई के साथ किसी भी प्रकार का कोई मनमुटाव या विवाद नहीं है। स्वरूप बरकड़े, कौशल्या बाई और सीता बाई की नियत भाई के हिस्से की संपत्ति पर खराब हो गई। उन्होंने संपत्ति पर दावा ठोकने के लिए दोनों बुजुर्ग महिलाओं को झांसे में लिया और बिना सच बताए धोखे से उनके अंगूठे के निशान ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने चालाकी से उन्हीं अंगूठों के निशानों का उपयोग कर न्यायालय में एक केस दायर कर दिया, जिसमें खुद पीड़ितों को ही वादी बना दिया गया। कुछ दिन पहले जब कोर्ट का नोटिस पीड़ितों के घर तामील हुआ, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दोनों बुजुर्ग महिलाएं कभी कोर्ट की दहलीज तक नहीं गई थीं, ऐसे में उनके नाम से दर्ज केस ने जालसाजी का पर्दाफाश कर दिया। पीड़ित बहनें एसपी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने षड्यंत्र की जांच, गुमराह करने वाले भांजे स्वरूप बरकड़े और दोनों बहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में अगस्त माह में रेल सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे 24 रेल कर्मचारियों के सम्मान में सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवश्यक दस्तावेज सौंपते हुए उनके दीर्घ एवं सफल सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ, सुखद एवं खुशहाल भावी जीवन की कामना की।

सेवानिवृत्त होने वालों में रामकृपाल द्विवेदी, संजय कुमार पाण्डेय, शारदा प्रसाद पटेल, जगरूप, भवानी शंकर सरदार, मनीष सक्सेना, जगरूप प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। मंडल रेल प्रशासन ने सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान एनईएफटी के माध्यम से किया। समारोह में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वरुण चतुर्वेदी सहित कार्मिक एवं लेखा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## घर के बाहर टहल रहे रेल्वे अधिकारी से लूट

**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत बीएसएनएल कार्यालय के पास टहल रहे रेल्वे अधिकारी से भी लूट हुई। पुलिस ने बताया कि उमेश चंद्र पाण्डे 58 वर्ष निवासी बाई का बगीचा घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रेल्वे विभाग जबलपुर में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। सोमवार सुबह लगभग 6-40 बजे बीएसएनएल कार्यालय के सामने टहलते हुये जा रहा था तभी पीछे से बिना नम्बर की के स्कूटर में एक लड़का आया और झपट्टा मारते हुये उसके हाथ से मोबाइल छीनकर अम्बेडकर चौक तरफतेजी से भाग गया।

# गौवंश अत्याचार, अव्यवस्थाओं को लेकर खोला मोर्चा

**चेतावनी, 7 दिन में कार्यवाही नहीं तो उग्र आंदोलन होगा**



**जबलपुर।** गोवंश अत्याचार व अव्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि अगले 7 दिवस के भीतरमांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई, तो राष्ट्रीय बजरंग दल पूरे जबलपुर जिले में उग्र आंदोलन, चक्काजाम एवं सड़क प्रदर्शन करने बाध्य होगा, जिसकी पूरी जवाबदेही पुलिस व नगर निगम प्रशासन की होगी। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम आयुक्त, एएसपी को सौंपा है।

राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर ने बताया कि उन्होंने मांग की है कि शहर की सड़कों एवं चौराहों पर भटक रहे समस्त निराश्रित गोवंश को 7 दिनों के भीतर सुरक्षित रूप से गौशालाओं में पहुंचाया जाए। बोरे में मिल रहे गोवंश के शवों के मामलों में फर्जी बहाने बनाने के बजाय गोवंश तस्करी एवं हत्या में लिप्त असामाजिक तत्वों व दलालों पर 7 दिनों में गैर-जमानती धाराओं में कार्यवाही की जाए। मंडी मदार टेकरी क्षेत्र सहित पूरे शहर में खुले में बेचे जा रहे अवैध मांस पर तुरंत पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। नगर निगम का हाका गैंग अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करे।

घायल/बीमार गोवंश की त्वरित सूचना व सेवा, प्रशासन द्वारा एक समर्पित टोल-फ्री नंबर जारी किया जाए। इस दौरान अमित उपाध्याय, सोनू श्रीवास्तव, छोटू शर्मा, अमित सिंह ठाकुर, राहुल पटेल, मुकेश गौतम, राहुल महावर, ऋषभ यादव, विकास प्रत्यानी, देवेश कोष्टा, आशीष प्रजापति, कवि राठौर, निखिल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एक नजर में**

## आग से झुलसी महिला की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत बजरंग वार्ड देवरी खुद में संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसी महिला ने मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि प्रीति पटेल 34 वर्ष निवासी बजरंग वार्ड देवरी खुर्द पनागर की आग से जलने से उपचार के लिए भाई रामप्रसाद प्रजापति द्वारा भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के सोमवार सुबह लगभग 6-30 बजे प्रीति प्रजापति की मौत हो गई। महिला किन परिस्थितियों में झुलसी इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## तलवार के साथ चाकूबाजी, दो घायल


**जबलपुर।** अधारताल, हनुमानताल में तलवार के साथ चाकूबाजी हुई जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि मोनू अंसारी 22 वर्ष निवासी बड़ा मदार छल्ला हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बड़ा मदार छल्ला में राजा ने उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार अधारताल थाने में अरूण केवट 26 वर्ष निवासी स्टारसिटी माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राहुल उर्फ फादर ने उसके साथ मारपीट कर चोट पहुंचा दी।

## दमोह गया था परिवार घर में हुई चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत शिवाजी नगर में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दि या जब परिवार दमोह गमी में गया हुआ था। पुलिस के मुताबिक दिलीप कुमार पटेल 32 वर्ष निवासी शिवाजी नगर माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पत्नी श्रीमति रूकमणि पटेल व दोनों बेटों के साथ घर में ताला लगाकर ससुराल में गमी होने से ग्राम हुशैना जिला दमोह गये थे। दोपहर में वापस आए तो देखा चोरी हो गई है।

# जर्जर और खराब सड़कों को चिन्हित कर ठीक कराएं : कलेक्टर

**समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा**



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों कीसमीक्षा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर सिंह ने जर्जर एवं खराब सड़कों को तत्काल चिह्नित कर सुधार कार्य कराने तथा हाइवे पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को सुरक्षित रूप से नवनिर्मित गौशालाओं में पहुँचाने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि और समग्र ई-केवाईसी की पेंडेंसी का त्वरित निराकरण करने तथा लोक सेवा गारंटी के लंबित आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने पर बल दिया। खाद्य विभाग को आदिवासी छात्रावासों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में खाद्यान्न का समय पर उठाव व वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

संबल योजना के तहत 100 दिनों से अधिक समय से लंबित अनुग्रह सहायता प्रकरणों का त्वरित समाधान करने को कहा। इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गौशालाओं में बिजली लाइन शिफ्टिंग, सीएम हेल्पलाइन की पुरानी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निवारण और आगामी मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने जनजातीय कार्य, मत्स्य पालन और माइक्रो फूड प्रोसेसिंग योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। बैठक में डीएफओ पुनीत सोनकर और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्थाई पट्टा भूमि के नवीनीकरण-नवीनीकृत पट्टों के नामांतरण की प्रक्रिया आसान

**एक पेज का आवेदन पत्र तैयार**

**जबलपुर।** शहर में स्थाई पट्टा भूमि पर निवास कर रहे या अन्य प्रयोजन से भूमि का उपयोग कर रहे नागरिकों के लिये पट्टा नवीनीकरण, नवीनीकृत पट्टों के नामांतरण तथा राजस्व अभिलेखों के अद्यतन कराने की प्रक्रिया को आसान कर दिया गया है। इसके लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर एक पेज का सरल आवेदन पत्र तैयार किया गया है। इस एक पेज के आवेदन पत्र को प्राप्त करने के लिए भी पट्टाधारकों कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि राजस्व अमला क्षेत्र भ्रमण के दौरान इसे लेकर उनके घर पहुंचेगा और इसे भरवाने में भी उनकी मदद करेगा।

यह निर्णय पट्टा नवीनीकरण, नवीनीकृत पट्टा के नामांतरण और राजस्व अभिलेख को अद्यतन कराने में पट्टाधारकों को आने वाली कठिनाइयों के निराकरण पर चर्चा करने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस शहरी क्षेत्र के तीनों अनुभाग रांझी, आधारताल और गोरखपुर के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी , तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों की संपन्न हुई बैठक में लिया गया।

बैठक में स्थाई नजूल पट्टों से संबंधित अभिलेखों के नियमित अद्यतन, निर्धारित समय-सीमा में पट्टों के नवीनीकरण और प्रक्रिया को सरल बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि नियमों एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी के अभाव में कई पट्टाधारक समय पर आवेदन नहीं कर पाते हैं। इसके साथ ही प्रक्रिया की जटिलता और इसमें लगने वाले समय को लेकर स्थाई पट्टाधारक या तो नवीनीकरण के लिए आवेदन ही नहीं कर पाते हैं और जो आवेदन भी करते हैं वह आधे-अधूरे होने या दस्तावेजों की कमी होने के कारण निराकृत नहीं हो पाते हैं। काफी लम्बे अंतराल तक पट्टा नवीनीकरण या अभिलेख के अप टू डेट नहीं होने से लीज निरस्तिकरण या पुनः प्रवेश की स्थिति निर्मित होने का प्रावधान बना रहता है।

# बैठक में अधिवक्ताओं की समस्याओं पर की गई चर्चा

**जबलपुर।** मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार सोमवार, 31 अगस्त को जिला न्यायालय में जिला स्तरीय रिड्रेसल ऑफ ग्रेविएंसेज कमेटी (शिकायत निवारण समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के साथ जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं सचिव शैलेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। संघ अध्यक्ष एवं सचिव ने अधिवक्ताओं द्वारा संघ के समक्ष रखी गई विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को समिति के समक्ष प्रमुखता से उठाते हुए उनके निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की।

**पार्किंग व्यवस्था, लिफ्ट की समस्या पर हुई बातचीत** - बैठक में प्रतिलिपि विभाग में ऑनलाइन समस्याओं, समरी चालान पेश होने में आ रही दिक्कतों, न्यायाधीशगण के अधिवक्ताओं के प्रति कथित तानाशाही रवैये, पार्किंग व्यवस्था, लिफ्ट की समस्या, बेसमेंट में पानी के रिसाव तथा गेट नंबर-4 के समीप सीवर संबंधी समस्या सहित अन्य मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संघ अध्यक्ष एवं सचिव की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के शीघ्र एवं तत्परता से निराकरण का आश्वासन दिया।

## सेवानिवृत्त हुए सहायक उपनिरीक्षक रामसहाय को विदाई



**जबलपुर।** 40 वर्ष 3 माह की शानदार एवं बेदाग पुलिस सेवा के बाद सउनि रामसहाय पटेल सेवानिवृत्त हुए। सोमवार को शाम 6 बजे पुलिस कन्ट्रोलरूम में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा द्वारा रक्षित निरीक्षक जबलपुर जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पेंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर सेवानिर्वत्त हो रहे अधिकारी के परिजन उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि आप की 40 साल 03 माह की सेवा अवधी शानदार, यादगार एवं बेदाग रही। यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो आप कभी भी किसी भी समय अपनी समस्या बता सकते है, आपकी समस्या का त्वरित प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा।

**बदहाली** पशुओं के बीच से निकल रहे वाहन, गड्ढों में तब्दील सड़कों पर सफर करना बना चुनौती

# सड़क पर आवारा पशुओं का डेरा, रास्ता बदलने मजबूर राहगीर





**नवभारत , जबलपुर ।** शहर में सड़कों की बदहाली के साथ आवारा पशुओं की समस्या भी राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। भानतलैया चौराहा , निजी अस्पताल गोरखपुर आदि जगह के मार्ग के बीच सड़क पर आवारा पशुओं का जमावड़ा देखा जा रहा है। सड़क पर बैठे पशुओं के कारण वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ता है। कई बार पशुओं के अचानक सड़क पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाकर रास्ता बदलना पड़ता है।

इधर, शहर की कुछ प्रमुख सड़कों की स्थिति भी खराब है। आईटीआई रोड, रामपुर आजाद चौक की सड़क और अधारताल तालाब की सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी सड़क से लोगों को परेशानी हो रही है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भरने से स्थिति और मुश्किल हो जाती है। वाहन चालकों को पानी से भरे गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के गिरने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### दोपहिया चालकों को ज्यादा खतरा

इन मार्गों पर सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। गड्ढों में पानी भरा होने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती। अचानक पहिया गड्ढे में जाने से वाहन का संतुलन बिगड़ने की आशंका रहती है। वहीं सड़क पर मौजूद पशुओं के कारण भी अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति बनती है।

### रात में बढ़ जाती है परेशानी

खराब सड़क और आवारा पशुओं की समस्या रात के समय और गंभीर हो जाती है। कम रोशनी में सड़क पर बैठे पशु दिखाई नहीं देने से वाहन चालकों को अचानक उन्हें देखकर दिशा बदलनी पड़ती है। वहीं गड्ढों में पानी भरा होने के कारण वाहन चालक उन्हें समय रहते देख नहीं पाते।

# कैंसर रोकथाम के लिए चलेगा प्रेरणा अभियान

**स्कूलों और कॉलेजों में लगेंगे जागरूकता व स्क्रीनिंग शिविर**



**जबलपुर ।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की पहल पर जबलपुर जिले में कैंसर की रोकथाम और बचाव के लिए प्रेरणा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत जिले के स्कूलों और कॉलेजों में व्यापक स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग तथा जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का संचालन मेडिकल कॉलेज के राज्य कैंसर संस्थान के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी व विद्यालयों के प्राचार्य प्रमुख रूप से सहभागिता करेंगे।

अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जागरूकता शिविरों में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी कैंसर से बचाव की जानकारी दी जाएगी और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके अलावा, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज का संदेश भी दिया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने आगामी दो महीनों के लिए इस अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अभियान की औपचारिक शुरुआत से पहले 3 सितंबर को एक विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी बीएमओ और प्राचार्य शामिल होकर अभियान की रूपरेखा व दिशा-निर्देशों को समझेंगे। बैठक में राज्य कैंसर संस्थान के चिकित्सक, सीएमएचओ सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।